तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 17 अगस्त 2025



12 हायर सेकंडरी में हुआ दही लूट का आयोजन





12 यौम-ए-आज़ादी पर जामा मस्जिद परिसर ...











## खबर संक्षेप

### डबरी में डूबने से महिला की मौत

**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र के ग्राम खड़बत्तर में डबरी में डूबने से महिला की मौत हो गई। मृतका का नाम सोनकुंवर बाई 58 वर्ष है। परिजनों के अनुसार 14 अगस्त को वह नहाने जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटी। इससे परिवारजन चिंतित हुए और लगातार उसकी तलाश करते रहे।काफी खोजबीन के बाद जब कोई सुराग नहीं मिला तो 15 अगस्त की सुबह ग्रामीणों ने गांव के ही एक सुनसान डबरी में उसका शव देखा। जानकारी के मुताबिक यह डबरी सामान्यतः लोगों की आवाजाही से दूर रहती है, जहां कोई विरले ही जाता है। शव की सूचना मिलते ही पूरे गांव में मातम पसर गया और परिजन भी बदहवास हो उठे।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने बताया कि मृतका के पति कंवल सिंह की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। गांव में हुई इस दर्दनाक घटना से वातावरण गमगीन हो गया है।

### बायलर सेंटर आग से खाक

**बालोद।** गुण्डरदेही के एक बायलर सेंटर में आग लग गई, जिससे आस पास अफरा तफरी मच गई। इसके बाद जैसे तैसे आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार दुकान में अचानक से गैंस लिकेज हुआ, जिससे आग लगी, जहां आग धीरे-धीरे पूरे दुकान में फैल गई और दुकान मे रखे सामानों को जलाकर राख कर दिया। इससे दुकानदार को दुकान के गल्ले में रखे पैसे व अन्य मशीनों को निकालने का भी समय नहीं मिला, जिससे दुकानदार को काफी क्षति हो गई।

### सतमरा में आज मनायी जायेगी गोस्वामी तुलसीदास जयंती

**लाटाबोड़।** गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर 17 अगस्त को बजरंग चौक आबादी पारा, ग्राम सतमरा (बेलौदी) में एक राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। सरपंच सोनऊ राम साहू ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन गोस्वामी समाज द्वारा किया जा रहा है, जिसमें प्रदेशभर से लोग शामिल होंगे। यह कार्यक्रम संत कवि गोस्वामी तुलसीदास के जीवन और शिक्षाओं को याद करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।

# सरदार पटेल मैदान में टूटी पुरानी परंपरा, अब नहीं होता ध्वजारोहण कार्यक्रम

## यह मैदान अब सिर्फ सरकारी और अन्य कार्यक्रमों के लिए किया जा रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहर के ऐतिहासिक सरदार पटेल मैदान में एक पुरानी परंपरा लगभग खत्म हो गई है, जिससे यह मैदान अब सिर्फ सरकारी और अन्य कार्यक्रमों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। आजादी के बाद से वर्षों तक इस मैदान में स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित होता रहा था, लेकिन अब यह सिलसिला टूट गया है।

शहर के बीचों-बीच स्थित सरदार पटेल मैदान का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। यह मैदान बालोद के सबसे पुराने और महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों में से एक है। आजादी के बाद से लेकर जब बालोद एक जिला बना, तब तक यहां राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता था। ध्वजारोहण के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता था। पहले यहां एक स्थायी लौह स्तंभ भी था, जिसे बाद में प्रशासन ने हटा दिया।

आज यह मैदान सिर्फ सांस्कृतिक और अन्य आयोजनों तक ही सीमित रह गया है। इस वर्ष भी 15 अगस्त के दिन इस मैदान में पूरी तरह खामोशी छाई रही, जबकि वर्षों से यह मैदान आजादी के जश्न का गवाह रहा है। मैदान के चारों ओर कई महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय हैं, जिनमें जिला खेल विभाग, जिला रेड क्रॉस विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी और स्वामी आत्मानंद स्कूल जैसे कार्यालय शामिल हैं। बावजूद इसके, किसी भी ▶▶|शेष पेज 12 पर



### जामगांव आर के उप अभियंता कार्यालय में नहीं हुआ ध्वजारोहण



जामगांव आर। स्वतंत्रता दिवस पर जहां पूरे देश में उत्साह के साथ ध्वजारोहण किया गया, वहीं जामगांव आर स्थित लोक निर्माण विभाग के उप-अभियंता कार्यालय में ताला लटका रहा। इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये को लेकर स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों में नाराजगी है। ग्राम पंचायत जामगांव आर के सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने नगर की सभी संस्थाओं से आग्रह किया था कि वे विद्यार्थियों की उपस्थिति में ही ध्वजारोहण संपन्न कराएं। लेकिन सुबह 8 बजे जब जनप्रतिनिधि लोक निर्माण विभाग के कार्यालय पहुंचे, तो गेट पर ताला लगा देख वे हैरान रह गए। उन्होंने 11 बजे दोबारा जाकर देखा, लेकिन स्थिति वैसी ही थी। अधिकारियों से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इस घटना को लेकर लोक निर्माण विभाग की लापरवाही ▶▶|शेष पेज 12 पर

## पर्व : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनता के नाम संदेश का वाचन किया

# मंत्री केदार कश्यप ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता विभाग मंत्री केदार कश्यप ने प्रातः 9 बजे स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली।

इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनता के नाम संदेश का वाचन भी किया। इस दौरान मुख्य अतिथि कश्यप ने शांति के प्रतीक श्वेत कपोत और हर्षोल्लास के प्रतीक रंगबिरंगे गुब्बारे भी आसमान में छोड़े। कार्यक्रम में संजारी–बालोद के विधायक संगीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, बिरेन्द्र साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, पवन साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, यज्ञदत्त शर्मा, केसी पवार, जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, पुष्पेन्द्र चन्द्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा कलेक्टर दिव्या मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 14वीं वाहिनी धनोरा के सेनानी उमेश गुप्ता, वनमंडल अधिकारी अभिषेक अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, अजय किशोर लकरा, नूतन कंवर, एडीशनल एसपी मोनिका ▶▶|शेष पेज 12 पर

### स्वतंत्रता संग्राम एवं शहीद जवानों के परिजन सम्मानित



इस अवसर पर मंत्री कश्यप ने जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीद जवानों के परिजनों को शॉल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने जिला स्तर पर कर्तव्यों का श्रेष्ठ निर्वहन करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम और परेड में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को भी सम्मानित किया गया। इसके अंतर्गत परेड सीनियर में जिला पुलिस बल को प्रथम स्थान, छत्तीसगढ़ शस्त्र बल 14वीं वाहिनी धनोरा को द्वितीय स्थान एवं नगर सेना को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह परेड जुनियर के अंतर्गत एनसीसी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल बालोद प्रथम स्थान, रोवर्स स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल बालोद को द्वितीय स्थान स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल रेडक्रॉस बालोद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

# एएसआई की आत्महत्या के कारणों की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा/बालोद




■ विधायक अनिला ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर लगाए प्रश्नचिह्न

दल्लीराजहरा थाना परिसर में पदस्थ एएसआई हीरामन मंडावी द्वारा आत्महत्या किए जाने की दर्दनाक घटना ने पूरे प्रदेश को हिला कर रख दिया है। इस घटना ने न केवल पुलिस बल की कार्यप्रणाली बल्कि सरकार और गृह विभाग की जवाबदेही पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्र की विधायक अनिला भेंड़िया ने इस घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल एक व्यक्ति की निजी त्रासदी नहीं है, बल्कि सिस्टम के सड़ने और सत्ता की बेरुखी का जीता-जागता सबूत है। उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी सहानुभूति प्रकट की और घटना को गृह विभाग की सीधी नाकामी बताया। विधायक भेंड़िया ने कहा जब वर्दीधारी जवान, जो जनता की सुरक्षा का दायित्व निभाता है, वह भी खुद को सुरक्षित महसूस न कर पाए और दबाव में आत्महत्या करने को मजबूर हो जाए, तो यह प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर गहरा प्रश्नचिह्न है। गृह मंत्री को जवाब देना होगा कि आखिर क्यों पुलिसकर्मी तनाव और दबाव के बीच काम करने पर मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का दायित्व है कि पुलिसकर्मियों का मनोबल ऊंचा रखा जाए, लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। विधायक अनिला भेंड़िया की तीन बड़ी मांगें की है इस पूरे मामले की तत्काल, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच हो। घटना के पीछे जिम्मेदार हर व्यक्ति पर ▶▶|शेष पेज 12 पर

# पुराना वन परिक्षेत्र कार्यालय की भूमि नपा को सौंपने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जनसेवक संजारी बालोद व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने पुराना वन परिक्षेत्र कार्यालय की भूमि जंगल चौकी को नगर पालिका बालोद को हस्तांतरित किये जाने के संबंध में वन एवं जल संसाधन विभाग मंत्री केदार कश्यप को ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में कहा गया है कि बालोद नगर के पुराना बस स्टैण्ड के पुराना वन परिक्षेत्र कार्यालय जंगल चौकी को नगर पालिका परिषद को ट्रांसफर किया जाए। बालोद शहर मे बढ़ती आवश्यकता के अनुरूप नगरीय प्रशासन की महत्ती योजना, पालिका बाजार का निर्माण योजना में मुर्तरूप दिया जा सके। इसके अंतर्गत 100 से अधिक दुकानो का निर्माण किया जाएगा एवं पार्किंग सुविधा शहर में प्राप्त होगी।

# उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि मंत्री केदार कश्यप द्वारा नेम सिंह साहू, रोवर लीडर को भारत स्काउट गाइड के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।



यह सम्मान कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालोद, पदेन संरक्षक, भारत स्काउट गाइड जिला संघ बालोद दिव्या मिश्रा, जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट योगदास साहू, संस्था के प्राचार्य अरुण कुमार साहू, जिला सचिव केएल गजेन्द्र, जिला संगठन आयुक्त गाइड प्रेमलता चंद्राकर तथा भारत स्काउट गाइड जिला संघ बालोद के सभी पदाधिकारियों के सहयोग एवं मार्गदर्शन से प्राप्त हुआ। स्वतंत्रता दिवस समारोह में आयोजित जिला स्तरीय मार्च पास्ट प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद की तीन प्लाटून ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एनसीसी सेजस बालोद, द्वितीय स्थान रोवर्स स्काउट सेजस बालोद, सांत्वना पुरस्कार सेजस बालोद रेंजर्स गाइड को प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं स्काउट गाइड जिला संघ बालोद ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

## सिर्फ सोशल मीडिया तक सीमित रही मुहिम

# शहर में हर घर तिरंगा अभियान हुआ फीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा चलाया गया हर घर तिरंगा अभियान जिला मुख्यालय बालोद में जमीनी स्तर पर असफल साबित होता दिख रहा है। दावा किया गया कि लगभग 3,000 तिरंगे बांटे गए, लेकिन शहर की मुख्य सड़कों पर स्थित किसी भी घर में दूर-दूर तक तिरंगा दिखाई नहीं दिया। इससे यह सवाल उठ रहा है कि आखिर इतने सारे झंडे गए कहां।

**पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी उदासीन-** यह भी हैरानी की बात है कि पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, नेताओं और पार्षदों के घरों पर भी तिरंगे नहीं लगे दिखे। इससे साफ जाहिर होता है कि पार्टी के भीतर ही इस अभियान के प्रति अपेक्षित रुचि नहीं थी। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष कम झंडे दिखाई दिए।

जब सत्तारूढ़ दल के खुद के कार्यकर्ता और पदाधिकारी इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग नहीं ले रहे हैं, तो यह पार्टी के जमीनी स्तर पर कार्यक्रम के संचालन पर सवाल उठाता है। यह स्थिति न सिर्फ अभियान की विफलता को दर्शाती है, बल्कि कार्यकर्ताओं में उदासीनता को भी उजागर करती है, जो एक अच्छा संदेश नहीं है।

### अभियान का जमीनी असर बेअसर



सत्तारूढ़ दल ने स्वतंत्रता दिवस से लगभग 10 दिन पहले से ही इस अभियान को जोर-शोर से चलाया था। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुईं। लेकिन सोशल मीडिया की यह चमक असलियत में कहीं नजर नहीं आई। मुख्य मार्गों के घरों को छोड़कर, कुछ झुग्गी-झोपड़ी वाले क्षेत्रों और कुछ वार्डों के अंदरूनी हिस्सों में ही तिरंगे दिखाई दिए।

# जब-जब संसार में अधर्म और अत्याचार बढ़ा, तब-तब भगवान ने अवतार लेकर धर्म की स्थापना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ श्रीकृष्ण मंदिर प्रांगण में कृष्ण जन्माष्टमी पर हुआ सत्संग

कृष्ण जन्माष्टमी पर ग्राम गैंती में हरी कीर्तन मंडली द्वारा स्थानीय श्रीकृष्ण मंदिर प्रांगण में प्रातः कालीन सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान श्रीकृष्ण के भजन-कीर्तन में शामिल होकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भगवान श्रीकृष्ण का अवतार और उद्देश्य सत्संग में व्याख्याकार रमन ढालेंद्र ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र और उनके अवतार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब-जब संसार में अधर्म और अत्याचार बढ़ा है, तब-तब भगवान ने अवतार लेकर धर्म की स्थापना की है। भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष अष्टमी की मध्यरात्रि को भगवान श्रीकृष्ण ने मथुरा में जन्म लिया और कंस जैसे अत्याचारी का अंत कर मानवता को नवदिशा दी। गीता का संदेश और जीवन प्रेरणा रमन ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण अनेक नामों से पूजे जाते हैं – जैसे मुरलीधर, ▶▶|शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप



### संबलपुर में अखंड रामायण का समापन

**डौंडीलोहारा।** ग्राम संबलपुर में शिवकृपा मानस परिवार के तत्वावधान में इस वर्ष भी अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। आयोजक परिवार के व्याख्याकार वीरेंद्र अजनबी ने बताया कि हर वर्ष सावन मास में इस धार्मिक परंपरा का निर्वाह किया जाता है। पूरे महीने ग्रामवासी प्रतिदिन रात में भजन-कीर्तन करते हैं और उसके बाद दुर्गा मंदिर प्रांगण में सामूहिक रूप से अखंड रामायण पाठ किया जाता है। उनका कहना था कि समाज और जनकल्याण की भावना से किए जाने वाले ऐसे अनुष्ठान न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती देते हैं बल्कि ग्रामवासियों के बीच एकता और सद्भाव का संदेश भी फैलाते हैं। इस अवसर पर पं. खिलावन तिवारी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात गांव के मानस पाठीगणों ने रामायण पाठ में सामूहिक रूप से सहयोग किया। आयोजन के दौरान निरंतर रामचरितमानस का गान होता रहा, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के आदर्श चरित्रों से प्रेरणा प्राप्त करते रहे।अखंड रामायण पाठ में व्याख्याकार वीरेंद्र अजनबी, नंदकुमार निषाद, अघ्नु पटेल, रघुनंदन भुआर्य, एन. कुमार पटेल, एवन यादव, घनश्याम सिन्हा, कैलाश पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

### सशिमं में स्वतंत्रता दिवस मना



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर प्रधानाचार्य फलदेव साहू, वरिष्ठ आचार्य सुखित राम कलिहारी, सहसंयोजक हिरामन सिंह, सदस्य कल्याण सिंह, गणमान्य नागरिकों एवं विद्यायल परिवार द्वारा भारत माता, प्रणव अक्षर ओम, सरस्वती माता राष्ट ध्वज तिरंगा एवं वीर शहीदों के तैल चित्र का विधिवत पूजन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। छात्रों ने राष्ट्रगान का गायन किया। कार्यक्रम में आचार्य परिवार कामता प्रसाद साहू, पूर्व आचार्य मनोहर साहू, दीदी चितेश्वरी साहू, लीलेश्वरी साहू, रंजना सिन्हा, रेणुका सिन्हा छबीलता पटेल, ईश्वरी ठाकुर ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

### हाईस्कूल सुरपा हुआ ध्वजारोहण



**जामगांव आर।** महंत पोसुदास शासकीय हाईस्कूल सुरपा शाला विकास समिति अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद जैन ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार समिति सदस्य गण ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### चाकू लहराकर डराने वाला गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** स्कूल के पास रोड पर चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने 15 अगस्त को मोतीपुर-रामनगर ड्रीम इंडिया स्कूल के पास रोड पर धारदार चाकू लहराकर आने-जाने वाले राहगीरों को डरा-धमका रहे आरोपी आरीफ खान 36 साल साकिन मोतीपुर-रामनगर को पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक धारदार लोहे का चाकू जब्त किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

**कार्यक्रम :** वेशभूषा प्रतियोगिता भी हुई, अनुरुद्ध, मयंक, हिमांशु, देव सिन्हा किए गए सम्मानित

# हायर सेकंडरी में हुआ दही लूट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में कृष्णजन्माष्टमी मनाई गई। प्रारंभ में कृष्ण राधा ग्वाल बाल नगर भ्रमण कर दही लुट किए। तत्पश्चात डॉ. हेडगेवार सदन में समारोह आयोजित किया गया। अतिथि मंच पर समिति अध्यक्ष एवं परिक्षेत्रीय साहू समाज पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू भानुप्रताप सिन्हा कृपाल बंजारे रुक्मिणी बंजारे प्राचार्य पीएल बारले पवन बंछोर मंचासिन रहे। वेशभूषा प्रतियोगिता भी हुआ।

परिक्षेत्रीय साहू समाज पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने कहा कि कर्मयोगी बनकर जीवन जीने वालों को भगवान कृष्ण की कृपा प्राप्त होती है। आज भटकाव और उदासीनता का कारण कर्मयोग से विमुखता है। उन्होंने कहा कि कर्मयोगी बनने में लालच और आलस रोड़े पैदा करते है। विद्यार्थी पढ़ाई में व्यापारी व्यापार में सर्विस क्लास इमानदारी से कर्तव्य निर्वहन में लग जाए जीवन सुकून शांति भरा होगा। डॉ. गुलाब साहू ने कहा कि मन को कंस ना बनने दे कृष्ण बनाए और जीवन का आनंद पाए, जब जब मन में अन्याय पूर्ण बाते घर करने लगती है तो मान लीजिए कंस प्रवेश कर गया और जब जब मन स्वच्छता के साथ कर्मयोग में रमने लगे तो माने भगवान कृष्ण की बरसने लगी है। साफ शब्दों में कहे तो अन्याय कंस है और न्याय कृष्ण है।

### वेशभूषा में इन्हें मिला सम्मान

अनुरुद्ध, मयंक, हिमांशु, देव सिन्हा, जिगर सिन्हा, निलेश, कुशांत साहू को कृष्ण वेश में सम्मानित किए गए। राधारानी की वेश भूषा में अनन्या, भावना, नित्या, नूपुर, वंशिका, त्रिशा, दीक्षा, दिशा, सेजल, देविका को मिला सम्मान। प्राचार्य पीएल बारले उपप्राचार्य लिकेश्वर साहू ने भगवान कृष्ण के जीवंत प्रेरणादाई प्रसंगों को सामने रखते हुए जीवन की सुंदर राहों पर चलने के लिए प्रेरित किए।





# जन्माष्टमी पर निकाली भगवान श्री कृष्णा एवं राधा की झांकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम सोनाईडोंगरी में बड़े कोसरिया यादव समाज एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। समाज द्वारा भगवान श्री कृष्णा एवं राधा की झांकी निकाल कर शोभायात्र निकाली गई। जिसमें समाज की महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शोभायात्र की। जहां यादव समाज द्वारा अपने वेशभूषा धारण कर नाचते गाते झूमते हुए भगवान श्री कृष्णा राधा की झांकी को गांव की गलियों का भ्रमण कराया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच जागृति खिलावन साहू थे। अध्यक्षता अध्यक्ष बड़े कोसरिया यादव समाज तेजराम यादव ने किया। विशिष्ट अतिथि कौशल साहू, राम सहाय साहू, दुलारू राम साहू, पूरण वारदे, राधे श्याम साहू, ऐनु कोठारी, भूखनलाल लावत्रे, जगत राणा, गजेंद्र





यादव, शत्रुघ्न साहू, जवाहरलाल ठाकुर एवं समस्त पंचगण रहे। सरपंच जागृति साहू ने भगवान श्री कृष्ण के उपदेशों को बताते हुए कहा कि वे संसार के पहले उपदेशक हुए और अपने कर्मों से बताया कि संसार में जाति–धर्म ऊंच–नीच कुछ नहीं होता सभी इंसान एक है और कर्म ही सर्वश्रेष्ठ है।

# पूर्व माध्यमिक शाला में मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुरुर में कृष्ण जन्माष्टमी मनायी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बोध प्रकाश साहू, नीरज सिन्हा थे। विद्यालय के छात्र राधा कृष्ण की वेशभूषा में उपस्थित थे। छात्रों ने मटका फोड़, दही लुट, सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत दी। उद्बोधन में अतिथियों द्वारा भगवान कृष्ण के बाल लीला के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्राचार्य मुरलीधर यादव द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



### कृष्ण जन्माष्टमी पर स्कूल में हुई फैंसी ड्रेस स्पर्धा

**गुरूर।** मयूर पब्लिक स्कूल कुम्हारखान में कृष्ण जन्माष्टमी पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, बच्चे अलग अलग वेशभूषा में पहुंचे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मोती लाल साहू एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे। कक्षा नर्सरी में प्रथम डाली साहू, द्वितीय केवयांशी साहू, पीपी प्रथम में हेमांगी, द्वितीय मोनाक साहू, पीपी द्वितीय में प्रथम दक्षिता, द्वितीय कनिष्का, कक्षा पहली में प्रथम मनन, द्वितीय भव्य, दिव्यांशु, कक्षा दूसरी में प्रथम पुलकित सिन्हा, द्वितीय दिव्यांशी, कक्षा तीसरी में प्रथम



इशांत, द्वितीय चहक साहू, कक्षा चौथी में प्रथम वेहान, द्वितीय रिया यादव, कक्ष पांचवी में प्रथम सुशांत यादव, द्वितीय यशिका यादव, कक्षा सातवीं में प्रथम इशिका प्रजापति रही।

# भाजपा ने मनाई स्व. वाजपेयी जी की पुण्यतिथि





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भाजपा कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर पाटएँ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके तेल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम में नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने स्व. अटल जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा आज यदि छत्तीसगढ़ एक स्वतंत्र राज्य के रूप में खड़ा है, तो यह अटल जी की दूरदृष्टि और राष्ट्र निर्माण की सोच का परिणाम है। उनका जीवन, विचार, देशप्रेम और पार्टी के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा है।

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, अखिल दीवान, नवनियुक्त अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मख़मूर इकबाल खान, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश महामंत्री शाहिद खान, युवा मोर्चा कार्यकर्ता अमित मैसरी एवं अमन प्रताप सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मयूर पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

मयूर पब्लिक स्कूल कुम्हारखान में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य मोती लाल साहू के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस बीच जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू, सरपंच कुम्हारखान लता कमड़े, केशव राम सिंहा एवं पूरा स्टाफ उपस्थित थे।



# यौम-ए-आज़ादी पर जामा मस्जिद परिसर में फहराया गया तिरंगा

### मुस्लिम समाज बालोद ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुस्लिम समाज बालोद ने यौम ए आज़ादी का जश्न पूरे हर्ष और उल्लास से मनाया। जामा मस्जिद बालोद के पेश ईमाम शकील रज़ा चिश्ती ने परचम कुशाई की और लोगों को जश्ने यौम ए आज़ादी की मुबारकबाद पेश की। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त 1947 आज़ादी का दिन भी जुम्मे का दिन था और आज भी जुम्मा है। इस देश के आज़ादी के





लिए मुसलमानों ने भी सब के साथ मिलकर खून बहाया है। बड़ी मुश्किल से मिली इस आज़ादी की हमें हर क़ीमत में हिफाज़त करनी है। इंतेजामिया मस्जिद कमेटी के सदर शाहीद अहमद खान की ओर से मिठाई बांटी गई।

इस मौके पर नायब इमाम मुस्ताक पटेल, इज़हार अहमद, हाजी खलील अहमद, उस्समानउल्लाह, इजराइल, अरमान अश्क, मोहम्मद अबरार सिद्दीकी, हाकिम ताज, स्माइल खान, रहीम मोहम्मद, हसनात सिद्दीकी, ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के दुर्ग संभाग अध्यक्ष हाजी जाहिद अहमद खान और प्रदेश कार्यसमिति समिति के सदस्य व वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद आदिल हामिद सिद्दीकी के साथ मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल रहे।

## पेज 11 के शेष...

### सरदार पटेल मैदान...

विभाग ने इस मैदान के ऐतिहासिक महत्व को बनाए रखने की कोई पहल नहीं की। खेल और रेड क्रॉस विभाग अपने खेल संबंधी ध्वज तो लगाते रहते हैं, लेकिन राष्ट्रीय पर्व पर ध्वजारोहण की परंपरा को उन्होंने भी जरूरी नहीं समझा।

यह स्थिति न केवल पुरानी परंपरा को खत्म कर रही है, बल्कि नई पीढ़ी को भी इस मैदान के महत्व से अनजान बना रही है। स्थानीय निवासियों, पार्षदों और आस-पास के विभागों के लिए यह एक चिंता का विषय है कि इस ऐतिहासिक स्थल को केवल आयोजनों तक ही सीमित कर दिया गया है।

### जामगांव आर के उप...

\की चर्चा पूरे नगर में व्याप्त है। विभाग के अधिकारी अक्सर फोन नहीं उठाते या वापस कॉल नहीं करते, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। जामगांव आर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी और नागरिक सेवा सुरक्षा मंच के जिला अध्यक्ष भारती सोनबेर, जो ध्वजारोहण के अवसर पर कई संस्थाओं में मौजूद थे, ने इस घटना पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि एक सरकारी कार्यालय का अधिकारी इतना गैर-जिम्मेदार कैसे हो सकता है। उन्होंने उच्च अधिकारियों और सरकार से इस मामले को संज्ञान में लेकर लापरवाह लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की। इस घटना के बाद लोगों में यह चर्चा भी शुरू हो गई है कि विभाग का नया विश्राम गृह, जो भंसुली क्षेत्र में बनकर तैयार है, कहीं उद्घाटन के इंतजार में ही पुराना न हो जाए। यह स्थिति विभाग की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े करती है।

### मंत्री केदार कश्यप...

ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर, के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। समारोह में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। उल्लेखनीय है कि आयोजन के दौरान लगातार हो रहे बारिश के बावजूद भी विद्यार्थियों एवं दर्शकों के उत्साह में किसी प्रकार की कमी नही आई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने समारोह में पूरे समय उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफलातापूर्वक संपन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की। इसके अलावा परेड में शामिल सशस्त्र बल, पुलिस बल के जवानों तथा स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट एवं हर्षफायर, राष्ट्रपति की जय का उद्घोष किया गया।

### एएसआई की आत्महत्या...

बिना किसी राजनीतिक दबाव के कड़ी कार्रवाई की जाए। पुलिस बल में मानसिक स्वास्थ्य सहायता और तनाव प्रबंधन की ठोस व स्थायी व्यवस्था की जाए। भेंड़िया ने कहा कि अगर सरकार ने इस पर तुरंत संज्ञान नहीं लिया तो यह प्रदेश के हर पुलिसकर्मी और नागरिक के लिए खतरनाक संदेश होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह घटना सरकार की संवेदनहीनता और कर्तव्यहीनता का परिणाम है।यह केवल आत्महत्या नहीं, बल्कि एक व्यवस्था की हत्या है। और जब तक इस पर ठोस कदम नहीं उठाए जाते, तब तक पुलिस बल और आम जनता दोनों का भरोसा सरकार से उठ जाएगा।

### जब-जब संसार में...

देवकीनंदन, गिरिधर, लीलाधर, माखनचोर आदि। गीता के उपदेश आज भी मानव जीवन के लिए सर्वोच्च मार्गदर्शक हैं। उन्होंने जीवन की तीन मुख्य लीलाओं ब्रजलीला, वृंदावन लीला और द्वारिका लीला का उल्लेख करते हुए बताया कि श्रीकृष्ण का सम्पूर्ण जीवन मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत है। धूमधाम से मनता है जन्मोत्सव जन्माष्टमी का पर्व केवल मथुरा में ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष और विदेशों में भी बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाता है। मथुरा, वृंदावन और गोकुल के मंदिरों की सजावट और वहां का भक्ति वातावरण विशेष रूप से मनमोहक होता है। इस अवसर पर ग्राम पटेल चंदू यादव, तिलक यामले, बंशी चुरेन्द्र, धनराज भुआर्य, सीताराम ठाकुर, ओम ठाकुर, नेमसिंह चंद्राकर, देवार भुआर्य, इंद्रकुमार देशमुख, शिवा ठाकुर, छेका भुआर्य सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



## कुरदी में मनाया गया आजादी का पर्व

**बालोद।** ग्राम कुरदी में आजादी की 79वीं वर्षगांठ धूमधाम के साथ मनायी गई। साथ ही ग्राम पंचायत भवन, अमृत सरोवर, प्राथमिक शाला कुरदी, आंगनबाड़ी, जिला सहकारी बैंक, सेवा सहकारी समिति, सीएचसी कुरदी और वीर सपूत उद्यान में 111 फीट राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण ग्रामीणों और अतिथियों की उपस्थिति में किया गया।

## प्राथमिक शाला हरणसिंघी में स्वतंत्रता दिवस मना



**गुण्डरदेही।** प्राथमिक शाला हरणसिंघी में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया, जहां प्रधानपाठक किशन लाल साहू ने शाला प्रांगण में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कसौंदा के सरपंच जितेंद्र चंद्राकर, उपसरपंच होमेंद्र भींगज, शाला प्रबंध अध्यक्ष परदेशी राम ठाकुर, उपाध्यक्ष हेमशंकर नेताम, शिक्षाविद नीरज निषाद तरुण पारकर व ग्रामीण शामिल हुए।

## कबड्डी में ओडारसकरी प्रथम और देवगहन टीम दूसरे स्थान पर



**अंडा।** ग्राम नाहंदा में कृष्ण जन्माष्टमी पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें अनेक गांव के खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया। इसके मुख्य अतिथि सरपंच महेंद्र सोनकर एवं पंच गन के साथ कबड्डी आयोजन समिति के सभी सदस्य थे, जिसमें ओडारसकरी के टीम प्रथम व देवगहन टीम दूसरे स्थान पर रही।

## ब्रम्हाकुमारी का रक्तदान शिविर 22 से

**गुरूर।** विश्व बंधुत्व दिवस पर 22, 23, 24 एवं 25 अगस्त को प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुरुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बीके सरस बहन ने बताया कि स्वैच्छिक रक्तदान एक महान सेवा है, जो प्रतिदिन अनगिनत जीवन बचाती है। ऐसे शिविर केवल अस्पतालों में रक्त की निरंतर आपूर्ति बनाए रखने हेतु ही नहीं, बल्कि समाज, विशेष रूप से युवाओं में रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी सहायक होते हैं। ये सेवा, एकता और करुणा की भावना को जागृत करते हैं जो समाज की समग्र संरचना को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### पर्व : महिलाओं के साथ-साथ बच्चों और वार्डवासियों में देखने को मिला उत्साह

# वार्ड 15 में महिलाओं ने फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के वार्ड 15 में स्वतंत्रता दिवस का पर्व इस बार महिलाओं के नेतृत्व में मनाया गया। 15 अगस्त की सुबह वार्ड की महिलाएं एकत्रित हुईं और राष्ट्रध्वज फहराकर देशभक्ति का संदेश दिया। ध्वजारोहण के साथ ही राष्ट्रगान गूंज उठा और उपस्थित सभी लोगों ने भारत माता के जयकारे लगाए। इस मौके पर महिलाओं के साथ-साथ बच्चों और वार्डवासियों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन महिलाओं ने ही संभाला। ध्वजारोहण के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी वार्डवासियों ने मिलकर भाग लिया। बच्चों ने देशभक्ति गीत गाए और वातावरण पूरी तरह से देशप्रेम से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर महिलाओं ने एकजुटता और भाईचारे का संदेश देते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल ध्वजारोहण तक सीमित नहीं है बल्कि यह हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा भी देता है। कार्यक्रम में दिव्या देवांगन, उर्वशी देवांगन, पूजा जैन, ममता पटेल, रेखा वैष्णव, मनीषा संचेती, उमा रघुवंशी, पिंकी ध्रुव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। वार्ड के नागरिकगण और बच्चे भी पूरे उत्साह से कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और राष्ट्र की समृद्धि व शांति की कामना की। इस तरह वार्ड 15 का स्वतंत्रता दिवस समारोह महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और सामूहिक सहयोग के कारण विशेष और प्रेरणादायी बन गया। यहां का आयोजन इस बात का उदाहरण है कि समाज के हर वर्ग की सहभागिता से देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना और भी प्रगाढ़ होती है।



## कलेक्टर ने कलेक्टोरेट परिसर में ध्वज फहराया

**बालोद।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने प्रातः 08 बजे संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। मिश्रा ने सभी अधिकारी–कर्मचारियों को हमारे महान देशभक्तों, अमर शहीदों के कार्यों एवं विचारों से प्रेरणा लेकर निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर राष्ट्र व समाज की सेवा में योगदान देने को कहा। कलेक्टर ने कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित महात्मा गांधी और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर देश की आजादी के लिए किए गए उनके अथक प्रयासों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा देशभक्तिपूर्ण सुमधुर गीत–संगीत की प्रस्तुति के अलावा काव्य पाठ भी किया गया।



## गुण्डरदेही ब्लॉक के पंचायतों में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

गुण्डरदेही ब्लॉक के सभी पंचायत में स्वतंत्रता दिवस पर स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। कार्यक्रम में अतिथियों ने महात्मा गांधी की पूजा-अर्चना, माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया। इस दौरान देशभक्ति गीत भी गाये गए। ग्राम पंचायत खप्परवाड़ा सरपंच सुधा दिनेश चन्द्राकर, उपसरपंच नीलम निर्मलकर, सचिव दशरथ निषाद सहित पंच उपस्थित थे। ग्राम पंचायत परसदा (डंगनिया) सरपंच सत्यवती गजेंद्र साहू, उपसरपंच हिलेश्वर साहू सचिव रोहित देशमुख सहित पंचगण उपस्थित थे। ग्राम पंचायत सिरसिदा सरपंच सरस्वती इन्द्रजीत चन्द्राकर, उपसरपंच दामिनी चन्द्राकर, सचिव मोली लाल साहू सहित पंचगण उपस्थित थे। ग्राम पंचायत गोरकापार आश्रित नहर खपरी सरपंच रामेश्वरी तुलेश्वर संजू चन्द्राकर, उपसरपंच टोमन चन्द्राकर सहित पंचगण उपस्थित थे। ग्राम पंचायत ओडारसकरी अनिल कुमार सोनी सहित पंचगण उपस्थित थे। ग्राम पंचायत चीचा आश्रित गोरकापार सरपंच काशीराम साहू, उपसरपंच नेमिन साहू, सचिव भूपेश साहू सहित पंचगण उपस्थित थे। साथ ही साथ अन्य पंचायत भवन के सरपंच व उपसरपंच ने अपने अपने गांवों में ध्वजारोहण कर ग्रामवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देकर मूंह मिठा कराया।

## सशिमं में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकंडरी जामगांव आर में स्वतंत्रता मनाया गया। समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने ध्वजारोहण किया, तत्पश्चात मंचीय समारोह प्रारंभ हुई। विधार्थियों ने मन मोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय की परंपरा अनुसार। गायन वादन विद्यालय परिवार समिति सदस्य डॉ गुलाब साहू एवं उप प्राचार्य लिकेश्वर साहू ने संभाला और विधार्थियो ने गायन में महती भूमिका निभाई। साहू समाज औरी के वरिष्ठ सोहन साहू और नगर साहू समाज पूर्व अध्यक्ष कोमल साहू मंचासिन रहे। अतिथियों ने देश भक्ति से ओतप्रोत प्रेरणा दाई विचार प्रगट रखे। संचालन सांस्कृतिक प्रभारी दिव्या चंद्राकर आभार व्यवस्थापक एके जैन नि किया।

इस अवसर पर सेजस अध्यक्ष डॉ गुलाब साहू, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू, नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन जिला अध्यक्ष शैलेन्दी मंडावी, भारती सोनबेर, मोहन साहू, महेंद्र कुमार, हीरालाल चंद्राकर, बलराम देवांगन, माहेश्वरी, डामिन सिन्हा, त्रिलोक यादव, दीपक यादव, प्रहलाद साहू, मधुकर, निर्मल, कोमल साहू, हरीश, हिमांशु, राधेश्याम राठी, दयानंद साहू, सत्यवान उपस्थित थे।



## शैलदेवी कॉलेज में राजन कुमार दुबे ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। महाविद्यालय परिसर तिरंगे की शोभा, रंगोली, पुष्पसज्जा एवं देशभक्ति गीतों से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। मुख्य अतिथि राजन कुमार दुबे, चेयरमैन, शैलदेवी महाविद्यालय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान, राष्ट्र की एकता-अखंडता और युवा पीढ़ी की जिम्मेदारी पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्ति के साथ-साथ आर्थिक दृष्टिकोण से भी सशक्त होने के लिए प्रेरित किया और कहा कि तभी आप एक सशक्त व्यक्तित्व व राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं और दूसरों के काम आ सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत व कविताएं प्रस्तुत कर कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। महाविद्यालय परिवार ने उपस्थित अतिथियों एवं ग्रामीणजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए यह विश्वास व्यक्त किया कि ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों में देशभक्ति, सामाजिक जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच का संचार करती रहेंगी।





■ शैलदेवी महाविद्यालय में हुआ ध्वजारोहण

## स्वतंत्रता दिवस पर गूंजे देशभक्ति के नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस शहर सहित अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही जगह-जगह विद्यालयों, शासकीय दफ्तरों, संस्थाओं और पंचायतों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया और राष्ट्रगान गाया गया।

बीएसपी भिलाई स्टील प्लांट प्रबंधन द्वारा झंडारोहण किया गया। इसी कड़ी में शासकीय कार्यालयों, शिक्षा विभाग, नगर पालिका कार्यालय सहित अर्थशास्त्र कार्यालय में भी जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और अधिकारियों की उपस्थिति में तिरंगा लहराया गया।

शहर के प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। देशभक्ति गीतों, नृत्य, कविताओं और नाटकों ने दर्शकों का मन मोह लिया। हर स्कूल में बच्चों ने तिरंगे की सलामी देकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन किया।



निकाली गई प्रभात फेरी, छात्रों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

आसपास के ग्राम पंचायतों में भी स्वतंत्रता दिवस का पर्व श्रद्धा और उमंग के साथ मनाया गया। ग्रामीण अंचल में तिरंगा फहराने के बाद जनप्रतिनिधियों ने आजादी के नायकों के त्याग और बलिदान को याद किया। जगह-जगह प्रभात फेरियां निकाली गईं, जिनमें युवाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## पेंशनधारी संघ ने मनाया स्वतंत्रता दिवस






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा बालोद के पेंशन भवन शिकारी पारा में स्वतंत्रता दिवस का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। संघ द्वारा बारिश के बीच ध्वजारोहण किया गया।

अध्यक्ष डॉ. चावड़ा एवं वरिष्ठ पेंशनर आईआर देवांगन ने महात्मा गांधी की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया। समारोह के मुख्य अतिथि आईआर देवांगन थे। विशिष्ट अतिथि चुरामन लाल साहू एवं किरण सिन्हा थे। डॉ. चावड़ा ने कहा कि आज हम स्वतंत्र भारत के निवासी हैं। हमारे देश की आजादी में जिनका योगदान था। उन्हें हमें नहीं भूलना चाहिए। आजादी को बचाए रखना हम सबका कर्तव्य है। देश के विकास में हमारे पेंशनर साथियों का भी बहुत बड़ा योगदान रहा है। राज्य के विभिन्न विभागों में कार्य करते हुए देश के विकास में अपना योगदान दिया है।

समारोह में रामेश्वर लाल यादव, संत कुमार, पंवर सिंह सॉरी, आई एन योगी, गंगा राम साहू, एसएन दुबे, जितेंद्र कुमार आर्य, सुरेंद्र ताम्रकार, जय सिंह ठाकुर चुरामन लाल, रूप लाल साहू, मुरारी लाल, किरण सिंह, कुमारी बाई साहू, पुष्पा कलिहारी, पुष्पा परिहार, सुरजा बाई, सावित्रीबाई, गंगाबाई एवं समस्त संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यालय पहुंचे मंत्री केदार कश्यप प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला में स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि मंत्री केदार कश्यप कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां मंत्री ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने नव नियुक्त प्रदेश महामंत्री भाजपा यशवंत जैन का आत्मीय सम्मान किया।

जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने जिले की कुछ मांगों को लेकर मंत्री को ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रमुख खपरी जलाशय एवं भाठागांव उद्वहन सिंचाई योजना को जल संसाधन विभाग बालोद में हस्तांतरित करने, खपरी जलाशय का नवीन विश्राम गृह नहर खपरी में बनाने, सहकार भवन बालोद में बनाने के लिए मांग की गई। जिला अध्यक्ष ने मंत्री को बताया कि खपरी जलाशय एवं भाठागांव उद्वहन सिंचाई योजना, वर्तमान में परियोजना का क्रियान्वन कार्यालय दुर्ग में होने के कारण उक्त क्षेत्र के कृषकों से जुड़ी सिंचाई योजनाओं से संबंधित समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं हो पाता है। बालोद जिला के गुण्डरदेही तहसील में खपरी जलाशय का निर्माण ब्रिटिश काल में लगभग 100 वर्ष पूर्व हुआ है, आज की अवस्था में यह काफी जर्जर स्थिति में पहुंच गया हैं, जिससे विभाग के कर्मचारी एवं आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है इसे नहर खपरी में बनाने का अनुरोध किया गया। जिला अध्यक्ष ने मंत्री को बताया कि बालोद में उपभोक्ता भंडार 94, विपणन संस्थाएं 6, मत्स्य समिति 102, दुग्ध समिति 70, बुनकर समिति 51, वनोपज समिति 17, प्राथमिक समिति 145, सहित कुल 500 से अधिक सरकारी समितियां जिले में क्रियाशील है, सरकारी क्षेत्र में कृषकों के प्रशिक्षण एवं बैठक स्थल की कोई व्यवस्था नहीं है, इसलिए सहकार भवन का निर्माण होना आवश्यक है। प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर,जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, निर्वितमान जिला अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत पवार, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, विरेन्द्र साहू,वरिष्ठ नेता यज्ञदत्त शर्मा, राकेश यादव, महामंत्री द्वय राकेश छोटू यादव, सौरभ लुनिया, एवं जिले के समस्त पदाधिकारी, समस्त मंडल, समस्त मोर्चा, समस्त प्रकोष्ठ व जिले से आए सभी कार्यकर्ताओं ने मंत्री केदार कश्यप का आभार जताया।




समस्त क्षेत्रवासियों को ग्राम पंचायत जाटादाह की ओर से




स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

श्रीमती निताबाई रावटे
सरपंच
ग्राम पंचायत, जाटादाह

श्री मनोहरलाल कुमेटी
उपसरपंच
ग्राम पंचायत, जाटादाह

श्री ऋषि कुमार नायक
सचिव
ग्राम पंचायत, जाटादाह

श्री शिवकुमार निषाद
रोजगार सहायक
ग्राम पंचायत, जाटादाह

पंचगण श्री सुमन कुमार, श्रीमती परनिया बाई, श्री राजेंद्र कुमार रावटे, श्रीमती कांति बाई, श्रीमती सुनेती बाई, श्री रामकुमार दुग्गा, श्रीमती कविता बाई, श्रीमती शारदाबाई कुरेटी, श्रीमती कविता बाई कुरेटी, विष्णुराम फरसिंद (भृत्य)

विनीत- समस्त ग्रामवासी जाटादाह, जनपद पंचायत डौंडीलोहारा, जिला-बालोद (छ.ग.)

**खबर संक्षेप**



### कॉलेज में हुआ झंडारोहण

**गुण्डरदेही।** माता कर्मा कला वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आदर्श जन शिक्षण समिति के अध्यक्ष सतीश साहू द्वारा झंडारोहण किया गया। इस अवसर पर साहू ने देश के विश्व अर्थव्यवस्था में बढ़ते कदम की चर्चा करते हुए कहा कि हम आज रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रहे हैं। वहीं भारत विश्व अर्थव्यवस्था में तीसरे क्रम पर पहुंचने का प्रयास में लगा है, हमें भी सम्मिलित रूप से प्रयास कर हर क्षेत्र में आगे बढ़ना है और एक सशक्त राष्ट्र की बुनियाद खड़े करने में अपना योगदान देना है। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष अरुण साहू, प्राचार्य एमएल देशमुख, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक हेमंत साहू, घनश्याम साहू, सुभाष देवांगन, काजल चंद्राकर, आशा रानी दिल्लीवार, नीलकंठ सिन्हा, पूनम लाल, किरण साहू, लीना साहू, बन्नू निषाद, देवेंद्र साहू, ठाकुर, पद्मिनी सहित महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### नपं अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण



**गुण्डरदेही।** स्वतंत्रता दिवस पर नगर पंचायत गुण्डरदेही में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, नगर पंचायत के सभी पार्षदगण एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा, सीएमओ किरण पटेल, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### सेवा सहकारी समिति जामगांव आर में ध्वजारोहण



**जामगांव आर।** सेवा सहकारी समिति जामगांव आर में प्राधिकृत अधिकारी भगवान सिंह चंद्राकर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारी ग्रामीण जन सहित अधिकारी कर्मचारी विजन स्कूल के विद्याथएँ स्टाफ उपस्थित थे।


**पर्व : बालोद में जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने ध्वजारोहण कर किया राष्ट्रगान**

# स्वतंत्रता दिवस पर भाजपा कार्यालय में ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वतंत्रता दिवस पर भाजपा कार्यालय जुंगेरा, बालोद में जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया। इस अवसर पर देशमुख ने कहा कि "यह स्वतंत्रता हमें लंबे संघर्ष और बलिदानों के बाद प्राप्त हुई है। इस दिन को याद करना हर देशवासी के लिए गर्व और राष्ट्रभाव का विषय है। स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि उन क्रांतिकारियों के बलिदान को स्मरण करने का दिन है जिन्होंने हमें गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को यह संदेश देना आवश्यक है कि आज़ादी कितने संघर्षों के बाद मिली है। आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में तेजी से विकास की ओर अग्रसर है, और छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सुशासन राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम में नव–नियुक्त भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, वरिष्ठ नेता कृष्णकांत पवार, पवन साहू, राकेश यादव, यज्ञ दत्त शर्मा, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, जिला महामंत्री राकेश 'छोटू' यादव, जिला प्रवक्ता जितेन्द्र साहू, जिला पदाधिकारी भुवनेश्वरी ठाकुर, प्रेम साहू, सुरेंद्र देशमुख, मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, अरुण साहू, धर्मेंद्र साहू, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अकबर तिगाला, लोकेश श्रीवास्तव, कार्यालय प्रभारी विनोद जैन, मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## ब्रह्माकुमारीज आत्मज्ञान भवन में ध्वजारोहण

**बालोद।** ब्रह्माकुमारीज आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। ब्रह्माकुमारीज की संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि हमारा देश 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र हुआ। तब से हम स्वतंत्रता दिवस मनाते आ रहे है पर सच्ची स्वतंत्रता तब कहेंगे जब हम बुराईयों, विकारों, व्यसनों से, नकारात्मक विचारों से व्यर्थ कर्मो से, व्यर्थ बोल से मुक्त होंगे। आत्मा स्वराज्य अधिकारी बन अपने कर्मेंद्रियों पर शासन करना सीखे यही है स्वतंत्रता दिवस मनाने का आध्यात्मिक अर्थ। इस तरह बीके. सरिता दीदी ने नशामुक्ति की प्रतिज्ञा दिलाई।



## जिला पंजीयक कार्यालय में फहराया गया तिरंगा



**बालोद।** स्वतंत्रता दिवस जिला पंजीयक कार्यालय में मनाया गया। उपपंजीयक वेद प्रकाश सहारे ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। तिरंगे के लहराते ही "जन–गण–मन" की मधुर धुन पूरे परिसर में गूंज उठी और हर चेहरे पर गर्व और देशभक्ति का भाव उमड़ पड़ा। जिला दस्तावेज लेखक संघ अध्यक्ष ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के अदम्य साहस और बलिदान को याद करने का दिन है। उन्होंने कहा कि "देश की आजादी हमारे पुरखों की देन है, इसे संवारना और सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और दस्तावेज लेखकों ने एक स्वर में देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए योगदान देने का संकल्प लिया। पश्चात देशभक्ति गीतों की मधुर प्रस्तुति और मिठाई वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर दस्तावेज लेखक संघ के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी दुबे, दस्तावेज लेखक शिव गौतम, मोव जुनैद कुरैशी, जनक चंद्राकर, जीतेन्द्र पटेल लालू, सोमेश कुमार साहू, उप पंजीयक कार्यालय कर्मचारी शीला तिकएँ, उमाशंकर साहू, नरेन्द्र कुमार यादव, पंकज कुमार साहू, पूना मेश्राम, पवन सोनकर, मोहित कुमार, यशवत साहू, धनेश्वर साहू, उमाकान्त कारीगर, रविना कुंजाम, सुरेश यादव उपस्थित थे।

## हायर सेकंडरी में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति मोहारा एवं सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ. हरिकृष्ण गंजीर थे। अध्यक्षता प्राचार्य शासकीय माध्यमिक विद्यालय मोहारा जीआर साहू ने किय। विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत मोहारा तेशवरी नेताम, उप सरपंच पंचायत मोहारा दिनेश्वर सिन्हा, पंच प्रतिनिधि विजयलक्ष्मी बंजारे, शिक्षाविद डॉ गोपाल साहू, बोधराय हिरवानी अध्यक्ष ग्राम विकास समिति मोहारा, केशव रामधनकर, अध्यक्ष



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहारा छबिलाल धनकर, अध्यक्ष प्राथमिक शाला मोहारा मनहरण लाल साहू उपस्थित थे। छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ कविता, भाषण की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने पालकों से पालक बालक शिक्षक मेगा बैठक में उपस्थिति होने की अपील की।

इस अवसर पर पंच श्यामा बाई, देवधर धनकर, दुबे धनकर, निर्मल सिन्हा ढालू सिन्हा, ललिता बाई, कुसुम लता, कमलेश्वर सोनवानी, बसंत निर्मलकर, गणपत साहू, आरएस गजीर, हेमलाल सिन्हा, धर्मेंद्र तेलियासी, परमेश्वर हिरवानी, महेश सिन्हा, डोमेन हिरवानी एवं शाला प्रबंधन समिति के समस्त सदस्य गण ग्राम पंचायत मोहारा के समस्त पंचगण, ग्राम विकास समिति के समस्त सदस्यगण स्कूल के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिका एवं समस्त माताएं एवं समस्त बच्चे एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## कापसी में सरपंच ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लॉक के ग्राम कापसी में स्वतंत्रता दिवस पर सरपंच कोशलेश देवांगन ने ध्वजारोहण किया। बारिश के बावजूद ग्रामीणों में देशभक्ति और उत्साह का जज्बा कम नहीं हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से परसराम माहला, देवंतीन बाई साहू, राजकुमारी प्रीतम, उपसरपंच राजेश साहू, प्रभा देवांगन, रूपेश्वरी साहू, मनीषा साहू, रजनी आलेंद्र, रूमन कोशमा, कृष्णा राम भंडारी, कुमारी बाई साहू, सरोज बढ़ाई और चांदनी भारद्वाज मौजूद रहीं। इसके साथ ही ग्राम पटेल बिरसिंह साहू, मोहित राम गंजीर, उमराव सिंह आलसारे और राधेश्याम आलसारे सहित कई ग्रामीण भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान गूंजा और देशभक्ति गीतों के साथ माहौल देश रंग में रंग गया। इस मौके पर सरपंच ने एकता, भाईचारा और देश सेवा की



भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। ग्रामीणों ने भी देशभक्ति नारों के साथ आज़ादी के पर्व को उल्लासपूर्वक मनाया।

## आदिवासी कालोनी में हुआ ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के वार्ड 15 रामनगर स्थित आदिवासी कालोनी में जनजागृति सेवा समिति द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति के अध्यक्ष सेवाराम चंदेल ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गान किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो उठा। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष चैतराम पटेल, कोषाध्यक्ष राधेश्याम पौसार्य, संरक्षक जीवराखन ठाकुर तथा श्री जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही हेमन्त कुमार, कमला बाई, ललातिन, मोनिका ठाकुर, देवांगन मैडम, बिसन बाई, खेदी बाई, झमित, पिंकी, हेमन्त उर्वशा, उमा बाई ठाकुर एवं शांति बाई सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी और महिलाएं कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया। समिति के



पदाधिकारियों ने वार्डवासियों को भाईचारे और सहयोग की भावना बनाए रखने का संदेश दिया।

## डौंडी ब्लॉक के सरकारी भवनों में हुआ ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी।

आदिवासी ब्लॉक मुख्यालय के शासकीय कार्यालय, पंचायत भवन सहित दूरस्थ क्षेत्रों में पुलिस थाना में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इन इलाकों में पहली बार ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, जनप्रतिनिधियों और पुलिस बल ने मिलकर ध्वजारोहण किया और तिरंगा यात्रा निकालकर देशभक्ति की अनूठी मिसाल पेश की। कलेक्टर के 20 जुलाई को एक पेड़ मां के नाम अभियान के साथ संरक्षण की जिम्मेदारी लेते

नगर के एकता व्यापारी संघ द्वारा 400 पेड़ रोपण कर संरक्षण के लिए प्रतिदिन कार्य किया जा रहा है। 15अगस्त को उक्त स्थल पर



भाजपा के जिला पदाधिकारी मनीष झा, दिनेश अग्रवाल, अजय चौहान, संजीव मानकर सहित सदस्य द्वारा एकता व्यापारी संघ द्वारा किये कार्यों को देख प्रसंता जाहिर कर इसे अच्छा प्रयास बताया। नगर पांचयत, जनपद पंचायत, एकलवय स्कूल, में स्थानीय नागरिकों और स्कूली बच्चों, व्यापारी संघ की सहभागिता ने माहौल को जीवंत कर दिया। ध्वजारोहण के साथ-साथ सभी स्थानों पर राष्ट्रगान और सलामी दी गई। सुबह से हुए बारिश के बावजूद इन इलाकों में इस बार जश्न का माहौल देखने को मिला। "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम्" के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। बच्चों ने पूरे जोश के साथ देशभक्ति गीत गाए और हाथों में तिरंगा लेकर रैली में भाग लिया। पंचायत सचिवालयों, प्राथमिक विद्यालयों,प्रायवेट विद्यालयों,संस्थानों सरकारी कार्यालयों में झंडा रोहण के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन,पौध रोपण किया गया। जनपद डौंडी में अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, उपाध्यक्ष भोला राम नेताम सीईओ डी डी मंडले सहित ब्लॉक के अधिकारी, जनपद सदस्यों ने,नगर पांचयत में सीएमओ संतोष देवैगन, अध्यक्ष मोहन्तिन चौरका, उपाध्यक्ष संजीव मानकर सहित सभी पार्षद शामिल हुए।



### सीएचसी में तिरंगा फहराया गया

**गुरूर।** सीएचसी गुरूर में स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर डॉ. भारती, डॉ. ठाकुर, डॉ. चन्द्राकर, ओएओ अनिल कुमार सिन्हा, डॉ. जैन, डॉ. निर्मलकर, डीपीएम योगेश साहू, बीईटीओ केएल उर्वशा, एनएमए रमेश साहू, फर्मासिस्ट मिथलेश साहू, नर्सिंग सिस्टर ललिता ठाकुर, एसएन निलिमा ढर्रो व स्टॉफ उपस्थित थे।

## खपरी ब के सार्वजनिक व सामाजिक भवन में हुआ ध्वजारोहण

**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत खपरी ब के पंचायत भवन, स्कूल प्रांगण एवं साहू सामुदायिक भवन में ध्वजारोहण किया गया एवं स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता समिति को कीट वितरण किया गया।

इस अवसर पर सरपंच लेखराम साहू, सचिव तुकाराम, महेंद्र मंडावी, अश्वनी कुमार, कमल नारायण साहू, कल्याण, मोहन, महेश्वरी, नेमिना बाई, चित्रलेखा व समस्त पंच उपस्थित थे।





### प्रभु उपहार भवन में तिरंगा फहराया गया

**गुरूर।** प्रभु उपहार भवन प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर बीके सरस बहन एवं सेक्टर के सभी छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया।

## कृष्ण जन्माष्टमी पर हुआ राम सत्ता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

समिपस्थ ग्राम परसदा (डंगनिया) में कृष्ण जन्माष्टमी पर राम सत्ता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच सत्यवती गजेंद्र साहू, पुजारी नरेश मिश्रा महाराज सहित ग्रामवासी भागबती साहू,अनुसूईया साहू, नंद कुमार साहू, विदेशी राम साहू, लविश मानिकपुरी सहित समस्त ग्रामवासी कथा में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाये। इस अवसर पर सरपंच सत्यवती साहू ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और समस्त ग्रामवासी की खुशहाली हेतु कामना की।





तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

